दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, शुक्रवार 06 दिसंबर 2024

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# इंडिया गठबंधन के आगे गंभीर प्रश्न

लोकसभा चुनाव में जो नुकसान हुआ, अब ऐसा लगता है कि अपनी ध्रुवीकरण एवं समीकरण साधने की सियासत से भाजपा ने उसे काफी हद तक संभाल लिया है। इससे इंडिया गठबंधन के आगे अपनी भूमिका तय करने का गंभीर सवाल खड़ा हो गया है।

इंडिया गठबंधन के सामने कठिन प्रश्न हैं। महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों से यह सवाल गहरा गया है कि क्या ये गठबंधन बनने के डेढ़ साल बाद भी अपना कोई साझा उद्देश्य तय कर पाया है?

हर चुनाव से पहले शामिल दलों के बीच सीटों को लेकर धींगामुश्ती, मुख्यमंत्री पद के लिए चेहरा पेश कर पाने के मुद्दे पर मतभेद और चुनाव अभियान में समन्वय का अभाव आम कहानी बन गया है।

गठबंधन बनने के बाद नवंबर- दिसंबर 2023 में जब पहले चुनाव हुए, तो दलों का मनमुटाव खुल कर जाहिर हुआ।

लोकसभा चुनाव में जरूर चीजें कुछ संभलती नजर आईं, लेकिन जैसे ही बात हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड की आई, पुरानी खींचतान उभर आई। किसी साझा न्यूनतम कार्यक्रम की जरूरत तो गठबंधन ने आरंभ से ही नहीं समझी।

नरेंद्र मोदी- अमित शाह से मुक्ति की चाहत के अलावा उनके बीच किसी मुद्दे और सहमति की तलाश करना कठिन बना रहा है। ऐसी नकारात्मक राजनीति कभी कारगर नहीं होती। लोकसभा चुनाव में बिजली चमकने जैसी उम्मीद जगी, तो उसके पीछे भी उनके अपने प्रयासों का कम ही योगदान था।

अब ऐसा लगता है कि तब जो नुकसान हुआ, अपनी ध्रुवीकरण एवं समीकरण साधने की सियासत से भाजपा ने उसे काफी हद तक संभाल लिया है।

इसका बड़ा कारण यह है कि इंडिया गठबंधन यह संदेश देने में नाकाम है कि उसके पास देश के विकास एवं आम जन की बेहतरी का कोई बेहतर एजेंडा है। इसके अभाव में गठबंधन महज सीटों के तालमेल का माध्यम बन कर रह जाता है।

इस रूप में कुछ खास परिस्थितियों में यह प्रयास लाभदायक हो सकता है, लेकिन सत्ता पक्ष के लिए कोई गठबंधन कोई निर्णायक चुनौती पेश नहीं कर पाएगा। महाराष्ट्र का चुनाव नतीजा आने के बाद गठबंधन के अंदर की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस आलोचना के केंद्र में आई है, तो उसकी भी ठोस वजहें हैं।

बड़ी पार्टी होने का सिर्फ लाभ नहीं होता, बल्कि जिम्मेदारियां भी होती हैं, इसे अब भी कांग्रेस नेतृत्व नहीं समझ पाया, तो पार्टी की भूमिका पर सवाल गहराते जाएंगे। वैसे अपनी-अपनी भूमिका से जुड़ा सवाल गठबंधन में शामिल सभी दलों के सामने है।

# प्रधानमंत्री की रूफटॉप सोलर योजना के तहत 1.45 करोड़ रजिस्ट्रेशन, 6.34 लाख पैनल हुए इंस्टॉल

**नई दिल्ली**



संसद में दिए गए एक बयान के अनुसार, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत करीब 1.45 करोड़ रजिस्ट्रेशन और 6.34 लाख इंस्टॉलेशन पूरे किए गए हैं।

इस योजना को प्रधानमंत्री ने वित्त वर्ष 2027 तक आवासीय क्षेत्र में 1 करोड़ रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन हासिल करने के उद्देश्य से शुरू किया है, जिसके लिए 75,021 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है।

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और बिजली राज्य मंत्री (एमओएस) श्रीपद नाइक ने राज्यसभा को एक लिखित जवाब में बताया कि राष्ट्रीय पोर्टल ने कुल 1.45 करोड़ रजिस्ट्रेशन, 26.38 लाख आवेदन और 6.34 लाख रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन की सूचना दी है।

एमओएस के अनुसार, 3.66 लाख आवेदकों को सब्सिडी जारी की गई है और इसे नियमित रूप से 15 से 21 दिनों के भीतर जारी किया जाता है।

गुजरात में इस पहल के तहत सबसे अधिक 2,86,545 सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए गए हैं। महाराष्ट्र में 1,26,344 सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए गए हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में 53,423 सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए गए हैं।

राज्य मंत्री नाइक ने कहा कि मंत्रालय आरईसी, डिस्कॉम और विक्रेताओं सहित सभी हितधारकों के साथ साझेदारी कर रहा है, जिसका उद्देश्य योजना के सफल कार्यान्वयन के रास्ते में आने वाली किसी भी चुनौती का समाधान करना है।

पीएम मोदी ने उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के लिए रूफटॉप सोलर योजना शुरू की थी।

75,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली इस परियोजना का लक्ष्य हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध करवा कर 1 करोड़ घरों को रोशन करना है।

लोगों के बैंक खातों में सीधे दी जाने वाली पर्याप्त सब्सिडी से लेकर भारी रियायती बैंक ऋण तक, केंद्र सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि लोगों पर लागत का कोई बोझ न पड़े।

इस योजना को जमीनी स्तर पर लोकप्रिय बनाने के लिए, शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को अपने अधिकार क्षेत्र में रूफटॉप सोलर सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

साथ ही, इस योजना से लोगों की आय में वृद्धि, बिजली बिल में कमी और रोजगार सृजन हो रहा है।

# अभिषेक शर्मा ने किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज टी20 शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की

**राजकोट**



कप्तान अभिषेक शर्मा ने गुरुवार को निरंजन शाह स्टेडियम सी में मेघालय के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) मैच में पंजाब के लिए मात्र 28 गेंदों पर सनसनीखेज 100 रन बनाकर किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज टी20 शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की।

29 गेंदों पर 11 छक्कों और आठ चौकों की मदद से 106 रनों की नाबाद पारी खेलकर अभिषेक ने गुजरात के उर्विल पटेल के साथ किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज टी20 शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की, जिन्होंने इससे पहले इंदौर में त्रिपुरा के खिलाफ 28 गेंदों पर शतक बनाया था।

143 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए, अभिषेक ने मात्र 12 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर मात्र 28 गेंदों में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जबकि पंजाब ने मात्र 9.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

अभिषेक की सनसनीखेज पारी ने टूर्नामेंट में उनके खराब दौर को खत्म किया, क्योंकि अपनी पिछली छह पारियों में उन्होंने 149 रन बनाए थे और केवल एक बार पचास का आंकड़ा पार किया था।

बल्लेबाजी में अपने शानदार प्रदर्शन के अलावा, अभिषेक ने अपने चार ओवर के कोटे में 6 की इकॉनमी से 24 रन देकर दो विकेट भी लिए, जिससे पंजाब ने मेघालय को 20 ओवर में 142-7 पर रोक दिया।

विश्व स्तर पर, अभिषेक की यह उपलब्धि उन्हें सर्वकालिक सबसे तेज टी20 शतक से बस कुछ ही दूर रखती है, जो एस्टोनिया के साहिल चौहान ने साइप्रस के खिलाफ 27 गेंदों में बनाया था।

## बिटकॉइन की कीमत इतिहास में पहली बार 1 लाख डॉलर के पार पहुंची

**नईदिल्ली।** बिटकॉइन की कीमत इतिहास में पहली बार 1 लाख डॉलर (लगभग 84.70 लाख रुपये) तक पहुंच गई, जो क्रिप्टो बाजार के लिए बड़ी उपलब्धि है। 5 दिसंबर को बिटकॉइन ने यह मील का पत्थर छुआ।इससे पहले 12 नवंबर को यह 90,000 डॉलर (लगभग 76.25 लाख रुपये) तक पहुंचा था। सिर्फ कुछ हफ्तों के भीतर इसने यह नया रिकॉर्ड बनाया है।पिछले एक साल में बिटकॉइन की कीमत में तेज वृद्धि हुई है। इस साल अमेरिका में स्पॉट बिटकॉइन एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स में 2,600 अरब रुपये से अधिक निवेश हुआ और अप्रैल में बिटकॉइन की चौथी हाफिंग से आपूर्ति घटी।डोनाल्ड ट्रंप की राष्ट्रपति चुनाव जीत, बिटकॉइन राष्ट्रीय रिजर्व की अटकलें और माइकल सैलर के नेतृत्व में कॉर्पोरेट स्तर पर बिटकॉइन को अपनाने से इसकी कीमत बढ़ी।ट्रंप ने क्रिप्टो समर्थक पॉल एटकिंस को एसईसी अध्यक्ष और स्कॉट बेसेंट व हॉवर्ड लुटनिक को उच्च पदों पर नामित कर क्रिप्टो के लिए सकारात्मक माहौल बनाया। जनवरी से बिटकॉइन की कीमत में 126 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 44,000 डॉलर (लगभग 37.27 लाख रुपये) से बढक़र 1 लाख डॉलर तक पहुंची।

# यूपीआई लाइट वॉलेट की लिमिट हुई 5000 रुपए, प्रति ट्रांजैक्शन की लिमिट भी बढ़ी

**मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक ने मोबाइल फोन के जरिए इंस्टेंट पेमेंट सिस्टम को बढ़ावा देते हुए यूपीआई लाइट के लिए वॉलेट लिमिट को 2,000 रुपये से बढ़ाकर 5,000 रुपये करने की घोषणा की है। इसके अलावा, प्रति ट्रांजैक्शन की लिमिट को भी 500 रुपये से बढ़ाकर 1,000 रुपये कर दिया गया है।

आरबीआई के अनुसार, यूपीआई लाइट के जरिए अब एक व्यक्ति को एक बार में अधिकतम 1,000 रुपये भेजे जा सकते हैं। रिजर्व बैंक सर्कुलर में कहा गया है, यूपीआई लाइट के लिए बढ़ी हुई लिमिट प्रति लेनदेन 1,000 रुपये होगी और किसी भी समय कुल सीमा 5,000 रुपये होगी।

यूपीआई पेमेंट के लिए यूजर को यूपीआई पिन की जरूरत होती है। यूपीआई लाइट के जरिए स्मार्टफोन यूजर को कम कीमत वाले लेनदेन बिना यूपीआई पिन के करने की सुविधा मिलती है। यूपीआई लाइट एक कस्टमर-फ्रेंडली अप्रोच है, जो कि रियल टाइम में बैंक के कोर बैंकिंग सिस्टम पर निर्भर नहीं रहती।

यूपीआई लाइट व्यक्ति-से-व्यक्ति भुगतान, व्यक्ति-से-व्यापारी भुगतान और छोटे व्यापारी भुगतान के लिए ऑफलाइन लेनदेन को सपोर्ट करता है। यूपीआई लाइट के साथ यूजर को पेमेंट के लिए ऑफलाइन डेबिट की सुविधा मिलती है, लेकिन क्रेडिट के लिए ऑनलाइन रहना जरूरी है।

अधिकांश यूपीआई मर्चेंट लेनदेन स्थिर या गतिशील क्यूआर कोड का इस्तेमाल करते हैं, जिसके लिए भुगतान पूरा करने के लिए प्राप्तकर्ता तक ऑनलाइन संदेश पहुंचना जरूरी है। यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब आरबीआई उन टेक्नोलॉजी की पायलेट टेस्टिंग कर रहा है, जो उन स्थितियों में खुदरा डिजिटल भुगतान को सक्षम बनाती हैं, जहां इंटरनेट कनेक्टिविटी कम है या उपलब्ध नहीं है। पिछली बार अक्टूबर में, आरबीआई ने अपनी मौद्रिक नीति के हिस्से के रूप में इन यूपीआई पेमेंट लिमिट को एडजस्ट करने का इरादा जताया था। केंद्रीय बैंक ने विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर अपने बयान में कहा था, ऑफलाइन डिजिटल मोड में छोटे मूल्य के भुगतान की सुविधा के लिए रिजर्व बैंक द्वारा जारी रूपरेखा, जिसके तहत यूपीआई लाइट को सक्षम किया गया है, में उचित संशोधन किया जाएगा।

# एडिलेड टेस्ट में राहुल-जायसवाल ही ओपनिंग करेंगे : रोहित शर्मा

**एडिलेड**

पर्थ में पहला टेस्ट जीतने के बाद अब टीम इंडिया का काफिला एडिलेड पहुंच चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने पिंक बॉल टेस्ट के लिए प्लेइंग-11 का ऐलान कर दिया है और अब सब की नजर टीम इंडिया की प्लेइंग-11 पर है। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की वापसी के साथ टीम इंडिया और अधिक मजबूत हो गई है, लेकिन एक नया टीम कॉम्बिनेशन तैयार करना कोच गौतम गंभीर के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है।

इस बीच भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी की सराहना करते हुए कहा कि एडिलेड में भी हमारी ओपनिंग जोड़ी यही होगी।

शुक्रवार से एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे गुलाबी गेंद टेस्ट में पारी की शुरुआत इन दोनों बल्लेबाजों के कंधों पर ही रहेगी। पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में राहुल और जायसवाल ने टीम की जीत की नींव रखी थी।

रोहित ने गुरुवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, केएल (एडिलेड में) ओपनिंग करेंगे। जायसवाल के साथ उनकी साझेदारी ने उस पहले टेस्ट की जीत में अहम भूमिका निभाई। जिस तरह से उन्होंने भारत के बाहर बल्लेबाजी की है, वह इसके हकदार हैं। मैं मध्यक्रम में कहीं बल्लेबाजी करूंगा। यह काफी सरल निर्णय था। व्यक्तिगत रूप से, यह आसान नहीं था (बल्लेबाज के तौर पर) लेकिन टीम के लिए यह एक आसान निर्णय था।

पारिवारिक कारणों के चलते रोहित शर्मा पहले टेस्ट मैच से बाहर थे। उनकी अनुपस्थिति में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टीम की अगुवाई की जबकि नीतीश कुमार रेड्डी और हर्षित राणा ने टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया।

रोहित एडिलेड में होने वाले डे-नाइट टेस्ट में बतौर ओपनर अपने नियमित स्थान पर नहीं खेलेंगे। पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से हार के बाद उनकी कप्तानी और बल्लेबाजी सवालों के घेरे में आ गई थी।

पिछली छह पारियों में उन्होंने एक अर्धशतक सहित केवल 93 रन बनाए। इस दौरान उनका बल्लेबाजी औसत 15.16 रहा जो तीन या उससे ज्यादा टेस्ट मैच की सीरीज में उनका सबसे खराब औसत है।

# कलिंगा लांसर्स ने वैलेंटिन अल्टनबर्ग को मुख्य कोच नियुक्त किया

**भुवनेश्वर**



कलिंगा लांसर्स ने आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) सीजन के लिए वैलेंटिन अल्टनबर्ग को मुख्य कोच नियुक्त किया है। 43 वर्षीय अल्टनबर्ग अंतरराष्ट्रीय हॉकी में एक बेहद सम्मानित नाम हैं, जो अपने सामरिक कौशल, नेतृत्व और जर्मन राष्ट्रीय टीम के साथ वर्षों के अनुभव के लिए जाने जाते हैं।

अल्टनबर्ग एक दशक से भी अधिक समय से जर्मन हॉकी में एक प्रमुख व्यक्ति रहे हैं। जर्मन हॉकी एसोसिएशन (डीएचबी) के इतिहास में सबसे कम उम्र के सीनियर पुरुष कोच के रूप में, उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में जर्मन पुरुष टीम को कांस्य पदक दिलाया और टीम को प्रमुख टूर्नामेंटों में मजबूत प्रदर्शन के लिए निर्देशित किया, जिसमें 2019 और 2021 में यूरोपीय चैंपियनशिप में रजत पदक और 2023 में कांस्य पदक शामिल हैं। अपनी ओलंपिक उपलब्धियों के अलावा, अल्टनबर्ग ने पुरुष और महिला दोनों टीमों का प्रबंधन किया है, जिससे उनकी भूमिका में बहुमुखी प्रतिभा और खेल की व्यापक समझ आई है।

मुख्य कोच के रूप में अपनी नई भूमिका पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, अल्टनबर्ग ने कहा: मैंने हमेशा भारतीय हॉकी की प्रशंसा की है, और मुझे यह अवसर देने के लिए मैं वेदांत कलिंगा लांसर्स का आभारी हूं। हमारे पास टीम में युवा और अनुभवी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का एक स्वस्थ मिश्रण है, और मैं एथलीटों और कोचिंग स्टाफ के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं। मैं शुरुआत करने और टीम की सफलता में योगदान देने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।

कलिंगा लांसर्स के रणनीति निदेशक डेविड जॉन ने कहा, मैं वैलेंटिन के साथ सहयोग करने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों के साथ काम किया है और उच्चतम स्तर पर कोचिंग की है, जिससे खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन निकलकर आया है।

## ऋतिक रोशन के खानदान पर नेटफ्लिक्स ने किया द रोशंस सीरीज का एलान



रोशन, राकेश रोशन, राजेश रोशन और अब ऋ तिक रोशन बॉलीवुड में रोशन खानदान की नींव बरकरार रखे हुए हैं. ऋ तिक रोशन के दादा रोशन एक शानदार संगीतकार थे और ऋ तिक रोशन के चाचा राजेश रोशन को पिता से संगीत विरासत में मिला था. वहीं, राकेश रोशन ने बतौर डायरेक्टर फिल्म इंडस्ट्री में नाम कमाया और अब ऋ तिक रोशन बतौर एक्टर दुनियाभर के फैंस पर राज कर रहे हैं. अब बॉलीवुड के इस हिट रोशन परिवार पर नेटफ्लिक्स ने एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज द रोशंस का एलान किया है. ओटीटी के अग्रणी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने इसका ऑफिशियली एलान कर सीरीज का पोस्टर जारी किया है.वहीं, रोशन परिवार की इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज का टाइटल द रोशंस है. नेटफ्लिक्स ने बताया है कि द रोशंस जल्द ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है. नेटफ्लिक्स ने अपने ऑफिशियल पेज पर बताया है कि डॉक्यूमेंट्री सीरीज द रोशंस फिल्म इंडस्ट्री के इस सक्सेस परिवार की कला की विरासत और पीढ़ी दर पीढ़ी इसे कैसे बढ़ाया गया है, इसमें दिखाया जाएगा. यह पहली बार है जब सिनेप्रेमियों को रोशन परिवार को नजदीक से जानने का मौका मिलेगा.

साथ ही रोशन परिवार का हिंदी सिनेमा में क्या योगदान रहा है इस पर भी पर्दा हटने जा रहा है.

बता दें, द रोशंस सीरीज की शुरुआत दिवंगत रोशन लाल नागरथ की संगीतमयी दुनिया से होगा, जिन्होंने हिंदी सिनेमा में संगीत की कला को नए आयाम दिए. वहीं, सीरीज में रोशन परिवार के अचीवमेंट के बारे में भी देखने को मिलेगा.

## जावेद जाफरी की मोहरे का ट्रेलर जारी, 6 दिसंबर से अमेजन एमएक्स प्लेयर पर होगी स्ट्रीम वेब सीरीज



भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता और कॉमेडियन जावेद जाफरी अपने 62वां जन्मदिन के खास मौके पर उनके प्रशंसकों को बड़ा तोहफा मिला है।दरअसल, जावेद ने अपनी आने वाली वेब सीरीज मोहरे का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं।वेब सीरीज की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। आइए बताते हैं आप मोहरे को कहां और कब देख सकते हैं।

मोहरे का प्रीमियर 6 दिसंबर, 2024 से अमेजन एमएक्स प्लेयर पर होने जा रहा है। निर्माताओं ने ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, क्या आप तैयार हैं क्योंकि अब दरियावाड़ा जलेगा बदले की आग में।नीरज काबी, गायत्री भारद्वाज, आशिम गुलाटी, सुचित्रा पिल्लई, पुलकित मकोल, प्रदन्या मोटघरे, शैलेश दातार और अमित सिंह जैसे सितारे भी इस वेब सीरीज का हिस्सा हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर होगा डबल धमाका, पुष्पा 2 संग 12,500 स्क्रीन पर रिलीज होगा सनी देओल की फिल्म जाट का टीजर



अल्लू अर्जुन की मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा 2 द रूल की रिलीज की तैयारियां शुरू हो गई हैं. पुष्पा 2 द रूल ने एडवांस बुकिंग में झंडे गाड़ 100 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. पुष्पा 2 द रूल कल 5 दिसंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही है. वहीं, पुष्पा 2 द रूल के मेकर्स ने अल्लू अर्जुन के फैंस को डबल ट्रीट देने का प्लान बनाया है. पुष्पा 2 के मेकर्स ने सनी देओल संग फिल्म जाट बना रहे हैं, जिसका टीजर फिल्म पुष्पा 2 के इंटरवल में रिलीज होने जा रहा है. सनी देओल और पुष्पा 2 के मेकर्स ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया पेज पर इसकी जानकारी दी है. साथ ही फिल्म जाट से सनी देओल का धांसू पोस्टर सामने आया है.

बता दें, सनी देओल ने अपने फैंस संग इस गुडन्यूज को शेयर कर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा है, जाट का ग्रैंडेस्ट लॉन्च, वर्ल्डवाइड 12,500 से ज्यादा स्क्रीन पर जाट का टीजर रिलीज होने जा रहा है, तो बिग स्क्रीन पर इस मास एक्शन फिल्म की झलक को एन्जॉय करना. वहीं, पोस्टर में सनी देओल को जीप खींचते हुए देखा जा रहा है. इससे पहले जाट के पोस्टर में सनी देओल के हाथ में एक विशाल पंखा था. अब सिनेमाघरों में पुष्पा 2 और जाट एक साथ धमाका करने जा रही है.

फिल्म जाट का निर्देशन गोपीचंद मलिनेनी कर रहे हैं. यह एक मास एक्शन फिल्म है, जिसे अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म पुष्पा के मेकर्स मैत्री मूवीज बना रहे हैं. फिल्म में सनी देओल का मास एक्शन अवतार देखने को मिलेगा, जो तक बॉलीवुड में भी देखने को नहीं मिला है. बता दें, जाट सनी देओल की टॉलीवुड डेब्यू फिल्म है. सनी को यह मौका उनकी पिछली ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर 2 की सक्सेस के बाद मिला है.

## शब्द सामर्थ्य- 257

**बाएं से दाएं :**

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 256 का हल**



## सू-दोकू- 257

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.256 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## आज का राशिफल

**मेष:** आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। संतान के साथ रिश्ते में मजबूती आयेगी। आज आपको पैतृक सम्पति मिल सकती है। आज आपको किसी पुराने स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से छुटकारा मिलेगा।

**वृष:** आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा। आज परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान कैंसिल होने की सम्भावना है। पारिवारिक सुख- सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से सम्पर्क करेंगे।

**मिथुन:** आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। अपने गोल को अचीव करने के लिए आप कड़ी से कड़ी मेहनत करने का संकल्प करेंगे और पूरा करने के लिए आज से ही जुट जायेंगे, आज आपके अंदर अलग ही जोश दिखेगा।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपको किसी से दूरसंचार से शुभ सूचना मिल सकती है, घर में ख़ुशी का माहौल बनेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**सिंह:** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आप दूसरों की हरसंभव मदद करेंगे। पारिवारिक जीवन में ताल मेल बना रहेगा। आज के दिन परिवार के साथ बाहर डिनर करने का प्लान बनायेंगे।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। घर पर आपके अच्छे गुणों की चर्चा होगी। परिवार वाले आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे। छात्र एक शहर से दूसरे शहर शिक्षा ग्रहण करने जा सकते हैं।

**तुला:** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशिया लाया है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज किसी भी अनजान व्यक्ति से बेवजह उलझने से बचें। आज संयम रखने से रुकी योजनायें सफल होंगी।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिये बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आपको सब्र रखना होगा जिससे आप नई ऊंचाईयों को छुएंगे। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप को नई धार्मिक जगह का सुख प्राप्त होगा।

**धनु:** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। किसी अन्य व्यक्ति की दखल अंदाजी अपने जीवन में ना होने दें नहीं तो रिश्तो में समस्याएं आ सकती है। आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी आएंगी, जिसे आप पूरा करेंगे।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे, जिससे पूरा दिन आपके अंदर पाजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे... वह समय से पूरा हो जायेगा।

**कुंभ:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज परिवारजन आपसी सामजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का समाधान निकालने में सक्षम रहेंगे, परिवार में ख़ुशी का माहौल बना रहेगा।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते है आपकी माता को ख़ुशी होगी। आज आपको किसी भी व्यक्ति को उधार देने से बचना चाहिए, यह आपके लिए अच्छा रहेगा।